असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

असम के कामरूप जिले में रविवार को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में घर से अपना उपयोगी सामान लेकर सुरक्षित स्थान को जाते लोग। लगातार हो रही मूसलधार बारिश से राज्य के अनेक जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं● प्रेट्र

गुवाहाटी, प्रेट्र: असम में बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। रविवार को राज्य के कई और इलाके जलमग्न हो गए। तीन बच्चों समेत नौ और लोगों की मौत हो गई। पिछले 24 घंटों में राज्य में औसतन 37.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम कार्यालय ने सोमवार के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि मंगलवार से गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 31 जिलों में 42 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। 27 जिलों में 1,147 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। सेना ने लगातार चौथे दिन बाढ़ राहत अभियान जारी रखा।

पिछले 24 घंटों में विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 8,760 लोगों को बचाया गया है। रविवार को भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग अलग-अलग स्थानों पर डूब गए। पांच जिलों में आठ और लोग लापता हैं। इस साल आई बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 71 हो गई है।

एएनआइ के अनुसार काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में अवैध शिकार विरोधी 223 शिविरों में से 44 जलमग्न हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में इस साल बाढ़ में तेंदुए समेत पांच जानवरों की मौत हो चुकी है।

आइआइटी गुवाहाटी ड्रोन का उपयोग करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने में असम सरकार की मदद करेगा।

डिब्रूगढ़ जिले में रविवार को ब्रह्मपुत्र नदी में एक नाव के पलट जाने से चार लोग लापता हो गए।

बेंगलुरु में भारी बारिश, दो की मौत: समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार, बेंगलुरु के उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद दो लोगों की मौत हो गई। केआरपुरम, कावेरी लेआउट, गायत्री लेआउट, साईं लेआउट, होरामाव और गुरु लेआउट में जलजमाव हो गया है।